तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

13 पानी निकासी नहीं होने से कोपरा में सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद

14 राजिम कुंभ कल्प 2026 की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

खबर संक्षेप

गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम 18 को

छुरा। कोसमबुडा में 18 दिसंबर को समस्त सतनामी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा शाम 4 बजे पूजा एवं पालो चढ़ना भोजन प्रसादी दोपहर 12 से रात्रि 10 बजे तक पंथी पार्टी बाल समाज पंथी पार्टी ग्राम ठेलकोबेड़ा जिला नुआपाडा उड़ीसा का रखा गया है और रात्रि कालीन कार्यक्रम रंगसागर छत्तीसगढ़ी लोककला लड़की नाचा गम्मत ग्राम चरौदा विकासखंड छुरा जिला गरियाबंद का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सतनामी समाज के लोग सभी तन मन धन से जुड़े हुए हैं यह जानकारी गोपाल ओगरे ने दी।

गुरु घासीदास जयंती पर आज भव्य शोभायात्रा

नवापारा-राजिम। नवापारा सतनामी समाज के तत्वावधान में संत बाबा गुरुघासी दास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष दिनेश टंडन ने बताया कि 18 दिसंबर के शुभ अवसर पर आज दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे समाज के युवाओ द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी। वही शाम को 4 बजे भव्य झांकी मय शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या मे नवापारा सहित आसपास अंचल के समाजिकजन उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी सामाजिक बंधुओ से इस शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की हैं।

एक्सप्रेसवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर सतर्कता की अपील

घने कोहरे में वाहन संचालन को लेकर सुरक्षा एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

उत्तर भारत में बीते दिनों विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कई लोगों की असमय मृत्यु हो गई है। यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ–आगरा एक्सप्रेसवे तथा दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण अनेक वाहन आपस में टकरा गए, जिससे जनहानि हुई। इन दिनों गरियाबंद की सड़कों में भी धुंध छाए रहते हैं। वाहन चलाने में चालक को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

■ यात्री बस एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने का आग्रह

इन गंभीर घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर ने राज्य के समस्त यात्री बस संचालकों एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से घने कोहरे के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत जोखिमपूर्ण होता है। यह आंखों पर पट्टी बांधकर वाहन चलाने के समान है। ऐसे में आवश्यक है कि चालक वाहन की गति सीमित रखें और वाहन की हेडलाइट सदैव चालू रखें। हेडलाइट को लो-बीम मोड में ही रखें, क्योंकि हाई-बीम कोहरे में दृश्यता बढ़ाने के बजाय उसे और कम कर देती है। यदि वाहन में फॉग लैंप उपलब्ध हों तो उनका उपयोग अवश्य किया जाए।

अपर परिवहन आयुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश : अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि कोहरे में केवल सामने देख पाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अन्य चालकों को दिखाई देना भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए वाहन को हर समय स्पष्ट रूप से दृश्य बनाए रखें। कोहरे के दौरान वाहन धीमी गति से चलाएं, हेडलाइट को लो-बीम में रखें, फॉग लैंप एवं पार्किंग लाइट चालू रखें। इसके साथ ही डिफॉस्टर एवं विंडस्क्रीन वाइपर का नियमित उपयोग करें तथा वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की दी सलाह

उन्होंने लेन अनुशासन का पालन करने, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की भी सलाह दी। यदि अत्यधिक कोहरे के कारण वाहन चलाना असंभव हो जाए, तो वाहन को सड़क से पूरी तरह अलग किसी सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें और इंडिकेटर लाइट चालू रखें, जिससे अन्य वाहन चालकों को सतर्क किया जा सके। उल्लेखनीय है कि इन दिनों अंचल में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रातःकाल सड़कों पर घनी धुंध छा जाने से दृश्यता अत्यंत कम हो जाती है, जिससे मार्ग स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। लगातार धुंध बने रहने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में प्रशासन ने वाहन चालकों से संयम, सावधानी और सतर्कता के साथ वाहन संचालन करने की अपील की है।

टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण का प्रयास, 53 आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद/मैनपुर। उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी (कोर) परिक्षेत्र अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर अतिक्रमण का प्रयास करने वाले कोंडागांव जिले के 53 आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 323 के परिक्षेत्र घोटेबेड़ा में आरोपियों द्वारा बिना अनुमति अभयारण्य कोर जोन में प्रवेश कर खेती करने के उद्देश्य से छोटे-छोटे पेड़-पौधों की कटाई व झाड़ियों की सफाई की जा रही थी। यह क्षेत्र हाथी एवं तेंदुआ जैसे वन्यप्राणियों का प्राकृतिक आवास है।

घटना की सूचना मिलते ही सहायक संचालक सीतानदी, परिक्षेत्र अधिकारी सीतानदी एवं परिक्षेत्र अधिकारी अरसीकन्हार के नेतृत्व में वन अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए 53 नग कुल्हाड़ी जब्त की। आरोपियों को वन्यप्राणी आवास क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 27, 29, 31, 50, 51, 52 तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26(1)(क) के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 15/05, 15/06 एवं 15/07 पंजीबद्ध किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त अपराध में 3 से 7 वर्ष तक के सश्रम कारावास का प्रावधान है। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा विगत 3 वर्षों में लगभग 750 हेक्टेयर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जा चुका है।

प्रस्तुति– श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.–79871–24123

खबर संक्षेप

ठंड से बचने अलाव का सहारा

नवापारा-भेण्डरी। नदी किनारे के तटवर्ती गांव भेण्डरी, बुड़ेनी, चमसुर, परेवाडीह, नवागांव में इस बार ठंड का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। हर गांव में लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।

जाड़ापदर के दो सपूतों का अग्निवीर में चयन

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम जाड़ापदर के दो युवकों का चयन अग्निवीर हेतु हुआ है।दोनों ही जवान अपने 8 महीने के प्रशिक्षण पूरा करने के पश्चात आज बुधवार को गांव लौटे। गांव लौटते ही अपने सपूत के स्वागत के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। ज्ञात हो कि मनीष सिंह परिहार पिता विजय बहादुर सिंह परिहार प्रशिक्षण से लौटने के पश्चात पाकिस्तान के बॉर्डर सूरतगढ़ राजस्थान में सेवा दे रहा है, इसके पश्चात आज ही अपना 8 महीना का प्रशिक्षण पूरा करके प्रमोद कुमार नायक पिता तेजू राम नायक वापस आए हुए।
जाड़ापदर एक छोटा सा गांव है किंतु वर्दी वाले नौकरी के लिए एक माहौल सा बना हुआ है। दस दिन पूर्व आरक्षक भर्ती परिणाम में दो अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। गत वर्ष उप निरीक्षक के पद पर एक युवती का चयन हुआ इसके पूर्व भी केंद्रीय सशस्त्र बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पद पर कुल 10 लोगों का चयन हुआ है,सभी युवक युवती वर्तमान में देश सेवा हेतु विभिन्न स्थानों पर कार्यरत हैं। ग्राम के निवासी शिक्षक यशवंत बघेल ने बताया कि इन युवक युवतियों पर गांव गर्व महसूस कर रहा है। गांव में एक माहौल बना हुआ है जिससे आगे भी सेना, सशस्त्र बल,आरक्षक एवं.अन्य बर्दीधारी पदों में बच्चों का चयन होना निश्चित है।

शीतलहर से बचाव को लेकर विद्यालय में बच्चों को दी गई विशेष जागरूकता

फिंगेश्वर। शीत ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं भारतीय मौसम विभाग द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विद्यार्थियों को इससे होने वाले खतरों एवं बचाव के उपाय के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता पूरन लाल साहू द्वारा बच्चों को ठंड के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शीतलहर के समय बच्चों एवं बुजुर्गों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता महसूस होती है। अत्यधिक ठंड के कारण शरीर में कंपकपी, सुन्नता, सिर दर्द, सुस्ती,भूख न लगना, सर्दी,खांसी बुखार, बार–बार जी मचलना उल्टी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने आगे बताया कि शीतलहर से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनना,ठंडे मौसम में अनावश्यक बाहर निकलने से बचना, नहाते समय सिर में ठंडा पानी ना डालना, सोने से पहले पैरों के तलवों में तेल लगाना,पौष्टिक एवं गर्म भोजन करना तथा हाथ पैर ढक कर रखना अत्यंत आवश्यक है।

कृषक उन्नति योजना व समर्थन मूल्य धान खरीदी से वंचित होने की आशंका

ट्रस्ट की खेती जमीन के रेगहा काश्तकारों का पंजीयन बाधित, कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

छुईहा-बेलर क्षेत्र में ट्रस्ट की भूमि पर रेगहा काश्तकारी कर रहे किसानों को इस वर्ष धान विक्रय के लिए पंजीयन कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बालाजी मंदिर, पंच मंदिर मौली माता ट्रस्ट कमेटी फिंगेश्वर की कृषि भूमि पर वर्षों से खेती कर रहे किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है, जिससे वे शासन की कृषक उन्नति योजना और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लाभ से वंचित होने की कगार पर हैं।

किसानों का कहना है कि ट्रस्ट द्वारा नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से रेग में खेती करने वालों को भूमि उपयोग का अधिकार दिया गया है, इसके बावजूद ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर नाम दर्ज नहीं हो पा रहा है। आधार और मोबाइल सत्यापन, भूमि विवरण दर्ज करने जैसी प्रक्रियाओं में तकनीकी अड़चनों के चलते किसान भटकने को मजबूर हैं। सरकार द्वारा धान खरीदी की राशि सीधे बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिसके लिए ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में किसानों को न तो समर्थन मूल्य पर धान बेचने का अवसर मिलेगा और न ही 3100 प्रति क्विंटल (समर्थन मूल्य सहित अंतर राशि) का लाभ मिल सकेगा।

किसानों की मांग

ट्रस्ट भूमि पर रेग में खेती करने वाले किसानों ने शासन से मांग की है कि उनके पंजीयन की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। किसानों का कहना है कि नोटरी शपथ के बाद भी यदि पंजीयन नहीं हो रहा है, तो यह गंभीर प्रशासनिक खामी है। वे चाहते हैं कि किसान पोर्टल को सरल बनाया जाए और ऐसे मामलों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि बालाजी मंदिर, पंच मंदिर मौली माता ट्रस्ट कमेटी फिंगेश्वर के अंतर्गत लगभग 350 एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर ग्राम सेंदर, पतोरी, घोघरा, बिजली पुरेना, रवेली, बिनौरी, चैतरा और बारूला के गरीब मजदूर व किसान वर्षों से रेग में खेती करते आ रहे हैं। प्रमुख किसानों में रामाधार साहू, इंदरमन साहू, प्रेम साहू, संतोष, तुलसी, मोती निषाद, ईश्वर साहू, तुलस वर्मा, केजऊ निषाद, मन्नू निषाद, जीवन सिन्हा, अश्वनी साहू, पुरानिक साहू, जगदीश साहू, अजीत वर्मा, धनीराम सेन, दीपचंद सिन्हा, दयाराम देवांगन, नारायण सारथी सहित अनेक किसान शामिल हैं।

शीघ्र समाधान नहीं होने पर खटखटाएंगे सीएम का द्वार: किसान

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विभागीय मंत्री से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराएंगे। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में किसानों पर गंभीर आर्थिक संकट आ सकता है। इन दिनों अंचल के मेहनतकश किसान इस समस्या से बेहद परेशान हैं। कड़ी मेहनत के बाद भी शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से किसानों में सरकार के प्रति गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

पंजीयन नहीं होने के कारण किसान चिंतित

किसानों ने बताया कि कृषि ही उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन है। मजबूरी में वे मंदिर ट्रस्ट, मालगुजार, गौटिया, बड़े किसानों और सार्वजनिक भूमि को अधिया, रेगहा या लीज पर लेकर खेती करते हैं। पिछले 15 वर्षों से वे शासन के नियमों के तहत एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराते आ रहे हैं और सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान बेचते रहे हैं। इस खरीफ सीजन की धान की फसल कटकर घर आ चुकी है, लेकिन वर्ष 2025-26 से पंजीयन नहीं होने के कारण सभी किसान चिंतित हैं। बुधवार को किसानों ने कलेक्टर गरियाबंद, अनुविभागीय अधिकारी राजिम, तहसीलदार फिंगेश्वर, जिला खाद्य विभाग और उप संचालक कृषि को लिखित ज्ञापन सौंपकर पंजीयन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सघन जांच

रसेला। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा के निर्देशन में ग्राम रसेला में रात्रिकालीन स्वास्थ्य विभाग के चार टीम बनाकर रसेला, बेलडीही, कारीमाटी में रात्रि 10 बजे से 2 बजे तक 300 लोगों का स्लाइट लिया गया। क्योंकि रात्रि कालीन फाइलेरिया रत्तपत्ती इसी समय इनके परजीवी रत्त वाहिका में विचरण करते हैं।

भारत सरकार द्वारा फाइलेरिया (हाथीपांव) रोग को खत्म करने के लिए यहां अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें टेमन साहू,गौरव यादव,चित्राणी साहू, भावना मरकाम, जम्बेश्वर साहू,जागेश्वर ध्रुव, संदीप कुमार चन्द्राकार सहित सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घरों घर जाकर रात्रि में स्लाइड लिया। इन्होंने बताया कि जिसका लक्ष्य परजीवी को खत्म कर रोग के प्रसार को रोकना है,20 साल से कम उम्र के युवा और गर्भवती महिलाओं को व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी का स्लाइट लिया गया। इसका उद्देश्य यहां है कि देश 2027 तक फाइलेरिया मुक्त किया जा सके।

मुख्य गतिविधियां और उद्देश्य : यह कार्यक्रम का मुख्य तरीका है, जिसमें आबादी को लक्षित कर डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा साल में एक बार दी जाती है। लोगों

को फाइलेरिया के लक्षणों, बचाव और दवा के महत्व के बारे में शिक्षित करना। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी टेमन साहू ने बताया कि ग्राम रसेला में फाइलेरिया दवा देने के बाद शिकायत आया था, सिरदर्द या चक्कर आना इसलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रसेला में जांच के लिए 300 व्यक्तियों का स्लाइट लिया गया।

2027 तक फाइलेरिया का उन्मूलन करना है लक्ष्य : भारत का लक्ष्य वर्ष 2027 तक फाइलेरिया (लिम्फेटिक फाइलेरियासिस) का उन्मूलन करना है। उल्लेखनीय है कि फाइलेरिया रोग संक्रमित मच्छरों के काटने से होता है। फाइलेरिया रोग होने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है। बचाव ही इलाज है। शासन द्वारा फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए निशुल्क फाइलेरिया की दवा दी जाती है। इस दौरान उमाशंकर राठिया, लालसिंह,आशुपाल और मितानिनों का विशेष सहयोग रहा।

संत शिरोमणि गुरुघासीदास सामाजिक समता, मानवता और सत्य के महान प्रवर्तक: भागचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र सतनामी समाज के वरिष्ठ भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय संत परंपरा में संत शिरोमणि गुरुघासीदास जी का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण है। वे केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि समूचे देश के लिए सामाजिक समरसता, मानवता और सत्य के महान प्रतीक हैं। ऐसे समय में जब समाज जाति, भेदभाव, अंधविश्वास और शोषण से ग्रस्त था, तब संत गुरुघासीदास जी ने अपने विचारों और आचरण से मानव समाज को नई दिशा दी। उनका जीवन और संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना अपने समय में था।

जन्म और तपस्वी जीवन संत गुरुघासीदास जी का जन्म 18 दिसंबर 1756 को छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के गिरौदपुरी ग्राम में हुआ। प्रारंभ से ही उनका जीवन सादगी, सत्य और तपस्या से परिपूर्ण रहा। उन्होंने सांसारिक भोग-विलास से दूर रहकर ईश्वर साधना और समाज सुधार को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश संत गुरुघासीदास जी का सबसे महान और क्रांतिकारी संदेश था-मनखे-मनखे एक समान अर्थात सभी मनुष्य समान हैं। यह विचार उस समय समाज में व्याप्त ऊँच-नीच, छुआछूत और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध एक सशक्त सामाजिक क्रांति था। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मनुष्य की पहचान जन्म या जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्म, सत्य और मानवता से होती है। संत गुरुघासीदास जी ने समाज को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने हेतु सतनाम पंथ की स्थापना की। ह्लसतनामह्व का अर्थ है-सत्य का नाम। उन्होंने ईश्वर को निराकार, सत्य और सर्वव्यापी माना तथा आडंबरों, पाखंड और बाह्य कर्मकांडों का विरोध किया। संत गुरुघासीदास जी द्वारा प्रतिपादित सात सिद्धांत और बयालीस वाणियाँ आज भी नैतिक जीवन का मार्गदर्शन करती हैं। इनमें सत्य बोलना, अहिंसा, नशामुक्त जीवन, परिश्रम, संयम, पवित्रता और मानवता जैसे मूल्य प्रमुख हैं। उनकी वाणियाँ समाज को आत्मचिंतन, सदाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देती हैं। संत गुरुघासीदास जी ने जैतखाम की स्थापना कर सत्य और धर्म का प्रतीक समाज को दिया। जैतखाम केवल एक धार्मिक चिन्ह नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, एकता और नैतिकता का प्रतीक है। आज भी छत्तीसगढ़ सहित देश-विदेश में जैतखाम सतनाम पंथ के अनुयायियों की आस्था का केंद्र है। सामाजिक सुधारक के रूप में योगदान संत गुरुघासीदास जी ने नशाखोरी, हिंसा, अंधविश्वास, शोषण और अनैतिक आचरण का विरोध किया। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता, श्रम और नैतिक जीवन पर विशेष बल दिया। उनका जीवन स्वयं एक आदर्श था, जिससे समाज को प्रेरणा मिलती रही।

मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक

वर्तमान समय में प्रासंगिकता आज जब समाज पुनः जाति, वर्ग और वैचारिक विभाजन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब संत गुरुघासीदास जी का मनखे-मनखे एक समान का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। सामाजिक समरसता, भाईचारा, मानवाधिकार और समानता की दिशा में उनके विचार मार्गदर्शक हैं। संत शिरोमणि गुरुघासीदास जी केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उनका जीवन, दर्शन और संदेश मानव समाज को सत्य, समानता और मानवता के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। छत्तीसगढ़ की धरती पर जन्मे इस महान संत ने संपूर्ण मानवता को जो प्रकाश दिया, वह युगों-युगों तक अमर रहेगा।

सामाजिक चेतना और आध्यात्मिक एकता का पर्व: रोहित साहू

छुईहा, बेलर। सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की जयंती आज पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राजिम विधायक रोहित साहू ने प्रदेश सहित राजिम विधान सभा समस्त लोगों को बाबा गुरूघासी दास जयंती की शुभकामनाएं बधाई दी है। इस दिन के संदेश में कहा "मनखे-मनखे एक समान" के अमर संदेश को आत्मसात करते हुए सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के आदर्शों की गूँज है। वहीं बेलर, चरौदा, सेंदर, सिर्रीखुर्द, बिजली, देवगांव, पतोरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में सतनाम बाबा गुरू घासीदास जयंती की गुंज सुनाई दे रही है।
गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर विभिन्न गांवों में पंथी नृत्य, भव्य शोभायात्राएं तथा जैतखामों में विशेष पूजा-अर्चना और पालो चढ़ाने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों के माध्यम से सामाजिक चेतना को सशक्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिक एकता का संदेश घर-घर तक पहुँचाया जा रहा है। इसी क्रम में राजिम विधायक रोहित साहू आज सेंदर एवं चरौदा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे जैतखाम में पालो चढ़ाकर पूजा-अर्चना करेंगे तथा मंगल आरती में सहभागिता निभाएंगे। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गुरु घासीदास जयंती न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज में समानता, भाईचारे और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का प्रेरक अवसर भी है, जो हर वर्ष नई ऊर्जा के साथ समाज को एकजुट करता है।

प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफएनएल प्रशिक्षण का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

छुरा। प्रारम्भिक शिक्षा को गुणवत्ता युक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एफ एन एल के अंतर्गत जोन स्तरीय प्रशिक्षण जोन 3 छुरा, रानी परतेवा मुरमुरा में किया जा रहा है । जिसमें 11 संकुलों का एक जोन बनाकर प्राथमिक शालाओं के 60 शिक्षकों को प्रथम चरण प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इसके सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज बी आर सी सी प्रेम दास मार्कण्डेय द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। जिसमें प्रशिक्षण की गुणवत्ता, विषयवस्तु, प्रशिक्षण पद्धति तथा प्रतिभागियों की सहभागिता का आकलन किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण की कार्यप्रणाली का सूक्ष्म अवलोकन किया। प्रशिक्षकों द्वारा बुनियादी पठन, लेखन एवं गणनात्मक कौशल के विकास हेतु अपनाई जा रही गतिविधि आधारित एवं बाल-केंद्रित शिक्षण विधियों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षण में प्रयुक्त टीएलएम, वर्कशीट, डिजिटल संसाधनों एवं मूल्यांकन प्रक्रियाओं को भी प्रस्तुत किया गया।

बी आर सी सी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनके अनुभव, प्रशिक्षण से प्राप्त सीख, व्यवहारिक उपयोगिता तथा कक्षा-कक्ष में गतिविधियों के क्रियान्वयन से संबंधित विचारों को जाना। शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, व्यवहारिक एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया गया।

बीआरसीसी ने प्रदान किए कुछ रचनात्मक सुझाव: समिति द्वारा प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्थाओं, समयबद्धता, अनुशासन एवं समन्वय की सराहना की गई। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान एवं कौशल का विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों में निर्धारित शैक्षिक लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति हो सके। निरीक्षण के उपरांत बी आर सी सी द्वारा प्रशिक्षण की समग्र व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कुछ रचनात्मक सुझाव भी प्रदान किए गए, जिनके माध्यम से आगामी प्रशिक्षणों को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सकेगा।

ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर बीआरसीसी प्रेम मार्कण्डेय, प्रचार्य एलआर साहू हायर सेकेंडरी चुन्नी लाल सोनवानी, टिकेश्वर महिलांगे, चिरंजीव साहू, संकुल समन्वयक करण सिंग कमार, एवं प्रतिभाशाली शिक्षकगण उपस्थित रहे।

डीएवी देहारगुड़ा में फन फेयर 2025 का भव्य आयोजन

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही एमएमपीएस देहारगुड़ा में संस्था प्रमुख अजय नागेश के कुशल मार्गदर्शन में फन फेयर (आनंद मेला) 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश दीवान सरपंच देहारगुड़ा, विशेष अतिथि खेलन दीवान सरपंच गोपालपुर रहे। अतिथियों के द्वारा फीता काटकर आनंद मेला में खरीददारी शुरू की गई।

आनंद मेला में कक्षा चौथी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र छात्राओं के द्वारा 30 से ज्यादा स्टॉल लगाया गया था जिसमें विभिन्न

प्रकार के व्यंजन जैसे चाइनीस, चाऊमीन, मैगी, पास्ता, नूडल्स, भेलपुरी, गुपचुप, चाट, कटलेट, कप केक, चाय कॉफी, सैंडविच, पाव भाजी, इडली, ढोकला, मोमोज इत्यादि व्यंजनों का विक्रय किया गया। मनोरंजन के लिए कुछ गेम्स से संबंधित स्टॉल भी लगाया गया था। आनंद मेला में बच्चों एवं अभिभावको के द्वारा जमकर खरीददारी की गई।

राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

कोपरा। अखिल विश्व गायत्री परिवार युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नगर पंचायत कोपरा में दिनांक तेईस दिसंबर से छब्बीस दिसंबर दो हजार पच्चीस तक आयोजित होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि इक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट संस्कार महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम की तिथि नजदीक आने के साथ ही आयोजन स्थल पर गतिविधियां तेज हो गई हैं।

आसपास के गायत्री परिजन भाई-बहनों के सहयोग से इक्यावन यज्ञ कुंडों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में इन यज्ञ कुंडों की रंगाई-पुताई एवं साज-सज्जा का कार्य किया जा रहा है। साथ ही विशाल यज्ञशाला का निर्माण कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। गायत्री परिजन अपने श्रम, समय एवं साधना का सार्थक नियोजन करते हुए पूरी निष्ठा के साथ यज्ञशाला निर्माण में जुटे हुए हैं। चार दिवसीय इस भव्य महायज्ञ के अंतर्गत संस्कार शाला का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न आध्यात्मिक एवं वैचारिक प्रदर्शनी के लिए अलग-अलग स्टाल लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त सैंड आर्ट कलाकार हेमचंद साहू की कलाकृतियों की विशेष प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। साथ ही देवात्मा हिमालय की झलक झांकी भी श्रद्धालुओं के लिए प्रदर्शित की जाएगी। परम पूज्य गुरुदेव, परम वंदनीया माताजी, मां गायत्री एवं सप्त ऋषियों की प्रतिमाओं का आगमन कोपरा नगर में हो चुका है। इन प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सुसज्जित कर यज्ञशाला में पूजन हेतु स्थापित किया जाएगा।

गायत्री परिवार के परिजन भाई एवं बहनें कोपरा नगर सहित आसपास के गांवों में घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं। गरियाबंद जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने बताया कि यह आयोजन अपने आप में अनोखा एवं अद्वितीय होगा। इसके माध्यम से वेद मूर्ति, तपोनिष्ठ, युग दृष्टा परम पूज्य गुरुदेव के विचारों की क्रांति को जन-जन तक पहुंचाने का यह एक पवित्र एवं शुभ अवसर है।

- 23 से 26 दिसंबर तक नगर पंचायत कोपरा में होगा विराट संस्कार महोत्सव

आयोजन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह : महायज्ञ के संयोजक पुरुषोत्तम यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम नगर पंचायत कोपरा के लिए ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। लोगों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण का परिष्कार होता है तथा सूक्ष्म जगत का शोधन होता है, जिससे ग्राम एवं नगर क्षेत्र में शांति, सद्भाव और समृद्धि का संचार होता है।

विद्यार्थियों को सैंपल संग्रहण की दी गई व्यावहारिक जानकारी

एकलव्य विद्यालय में मृदा स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्कूल सोशल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड विषय पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 17 दिसंबर को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा (छुरा), जिला गरियाबंद में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्लोबल वार्मिंग, आधुनिक मानव गतिविधियों एवं भूमि की उत्पादकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि मृदा बनने की प्रक्रिया अत्यंत धीमी होती है, जबकि मानव गतिविधियों से मिट्टी का क्षरण तीव्र गति से हो रहा है।

मृदा के पोषक तत्वों पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों ने मिट्टी के वैज्ञानिक विश्लेषण की आवश्यकता बताई। धान की पराली जलाने से मृदा के आवश्यक पोषक तत्व नष्ट

होने की जानकारी दी गई तथा इसे न जलाने की अपील की गई। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि जैसे मनुष्य को संतुलित पोषण की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार पौधों के लिए भी उचित पोषक तत्व आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मिट्टी का नमूना लेकर सही सैंपल संग्रहण की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सटीक सैंपल के आधार पर ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं का वास्तविक लाभ प्राप्त होता है।

मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता भविष्य की कृषि के लिए आवश्यक

इस अवसर पर गोबर खाद के उपयोग, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश एवं मिट्टी के पीएच मान की जानकारी भी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता भविष्य की कृषि के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.के. शांडिल्य एवं पुष्पलता ध्रुव, तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन लाल ठाकुर, सनद कुमार दीवान, शिव कुमार साहू, संजय सिंह ध्रुव एवं पुष्टम चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल त्रिपाठी द्वारा किया गया। अंत में प्रभारी प्राचार्य मयंक यादव ने कृषि विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जिड़ार में ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 18 को

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 5 किमी दूर ग्राम पंचायत जिड़ार में 18 दिसम्बर दिन गुरूवार को गरियाबंद कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभाग मैनपुर के जनमानस की समस्याओं के समाधान हेतु ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मैनपुर एसडीएम डॉ तुलसीदास मरकाम ने बताया ग्रामीणों के समस्याओ का गांव में समाधान के लिए लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ब्लॉक स्तर के अधिकारी शामिल होकर लोगो की समस्याओ का समाधान कर रहे है वही जन समस्या निवारण को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

नंदिनी के भाजपा प्रदेश मंत्री बनने पर क्षेत्र में हर्ष

मैनपुर। मैनपुर के भाजपा नेत्री

श्रीमती नंदिनी नेताम को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री नियुक्त किये जाने पर क्षेत्र में हर्श का माहौल देखने को मिल रहा है और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं अनुसूचित जनजाति प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के द्वारा अनुशंसा एवं सहमति से घोषणा किया गया जिसमें मैनपुर क्षेत्र प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती नंदिनी नेताम को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा में प्रदेश मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सोपा गया इस नियुक्ति के बाद पूरे मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में खुशी की लहर है।

किसानों की शिकायत पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

पानी निकासी नहीं होने से कोपरा में सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ़ फसल के दौरान पानी की समुचित निकासी नहीं होने से ग्राम कोपरा में सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद हो गई है। यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि बीते कई वर्षों से किसान इसी परेशानी से जूझ रहे हैं।

- राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण से माइनर नहर दबने की पुष्टि, समाधान की योजना बनाने के निर्देश

किसानों का कहना है कि कोपरा - तर्रा माइनर में नहर नाली की खराब हालत के चलते वे हर वर्ष जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से पानी निकासी की उचित व्यवस्था कराने की गुहार लगाते हैं, किंतु अब तक कोई ठोस और स्थायी कार्रवाई नहीं हो पाई है। एक बार फिर कोपरा के किसानों ने सिंचाई विभाग से जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाने की मांग की है।

किसानों की गंभीर समस्या को देखते हुए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस. के. बर्मन अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ ग्राम कोपरा पहुंचे और मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रभावित किसान भी उपस्थित रहे। किसानों ने अधिकारियों को बताया कि किस प्रकार साल दर साल उनकी धान की फसल खेतों में भरे पानी में डूबकर सड़ जाती है और खेती-किसानी करना उनके लिए लगातार कठिन होता जा रहा है। खरीफ़ मौसम में पानी निकासी की समस्या से जूझ रहे किसानों की स्थिति को जानने और समझने के लिए मुख्य कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग एस. के. बर्मन कोपरा पहुंचे थे। उनके साथ पाण्डुक सब डिविजन के सीडीओ पांडुरिया, उप अभियंता तथा अन्य मैदानी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कार्यपालन अभियंता ने लिया स्थिति का जायजा : कार्यपालन अभियंता एस. के. बर्मन ने खेतों में पैदल चलकर स्थिति का जायजा लिया और यह देखा कि किस प्रकार जल निकासी की योजना बनाई जा सकती है तथा समस्या का स्थायी समाधान कैसे संभव है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान ग्राम कोपरा के बड़ी संख्या में प्रभावित किसान मौजूद रहे। किसानों ने मांग की कि जल निकासी की समस्या का शीघ्र और स्थायी समाधान किया जाए, ताकि आने वाले वर्षों में उनकी मेहनत और फसल बर्बाद होने से बच सके।

कोपरा–तर्रा माइनर नाली पूरी तरह जर्जर

स्थल निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130-सी के निर्माण के बाद कोपरा–तर्रा माइनर नहर दब गई है। सड़क निर्माण के चलते नहर का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है, जिसके कारण पानी की निकासी पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है। इसके अलावा कोपरा–तर्रा माइनर नाली भी पूरी तरह जर्जर अवस्था में पाई गई। पानी निकासी के सभी साधन बंद हो जाने के कारण वर्षा ऋतु में खेतों में पानी ठहर जाता है, जिससे धान की फसल को भारी नुकसान हो रहा है।

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 21 को

गरियाबंद। जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर 2025 को किया जाएगा, जिसमें पहले दिन बूथों पर तथा 22 से 23 दिसंबर को मॉप-अप अभियान के तहत घर-घर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत को 27 मार्च 2014 को पोलियो-मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद से देश 10 वर्षों से अधिक समय से पोलियो-मुक्त है, किंतु पड़ोसी देश पाकिस्तान में 39 तथा अफगानिस्तान में 9 पोलियो के सक्रिय मामले पाए जाने से, जहां वाइल्ड पोलियो वायरस का प्रसार अब भी बच्चों को प्रभावित कर रहा है, संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 21 दिसंबर 2025 को किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी तथा 22 व 23 दिसंबर 2025 को मॉप-अप अभियान के अंतर्गत घर-घर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं निकटतम पोलियो बूथों पर पिलाई जाएगी।

0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

कलेक्टर श्री बीएस उइके की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. युएस नवरत्न के निर्देशन में जिले के 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जाएगा, जिसमें सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बच्चों को उनके निकटतम निर्धारित पोलियो बूथ पर दवा पिलाई जाएगी। जिले में कुल 830 पोलियो बूथों के माध्यम से 91 हजार 115 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 1 हजार 835 टीम सदस्यों का गठन किया गया है। अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार, प्रशिक्षु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा पैरामेडिकल विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाई गई है।

दशपुर में 10 दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण का समापन

मैनपुर। मत्स्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत दशपुर में 10 दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मत्स्य पालन से जुड़े लोगों को आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत दशपुर के सरपंच नरेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को जाल का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सरपंच नरेन्द्र ध्रुव ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीणों की आजीविका सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण में कुल 55 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मत्स्य पालन से संबंधित विभिन्न व्यवहारिक जानकारियाँ प्रदान की गईं कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक किया गया।

किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, लिमिट बढ़ाने की मांग

मैनपुर। मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र गौरघाट एवं जिड़ार में प्रतिदिन टोकन मात्र की लिमिट मात्र 500 है जिसके कारण वर्तमान में 5–6 किसान ही दिनभर में धान बेच पा रहे है परेशान किसानो ने आज तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौप टोकन लिमिट बढ़ाने की मांग किया है। इस दौरान खेलन दीवान, महेश दीवान, देवन सिह, शेख खलील खान, महेन्द्र सिंह, श्यामलाल, रामसिंग, शिवचरण, भोलेश्वर, अमरसिंह, पीलाराम, भुवनसिंह, चंद्र'ेखर, चंद्रभान, सोनकुंवर, भोलाराम, चमरूराम एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

कांदाडोंगर में श्री श्री अष्टप्रहरी नामयज्ञ की तैयारी को लेकर हुई बैठक

मैनपुर। पवित्र देव भूमि चौरासीगढ़ एवं पर्यटन स्थल कांन्दाडोंगर के ग्राम गोढियारी में झरिया साहू समाज के द्वारा ग्राम गोढियारी के ग्रामीण जनों के साथ एक बैठक रखी जिसमें कांन्दाडोंगर में साहू समाज के नवनिर्मित सामुदायिक भवन उद्घाटन के उपलक्ष्य में श्री श्री अष्टप्रहरी नाम यज्ञ रखने हेतु सब के साथ में विचार विमर्श किया गया तथा ग्रामीण जनों के नेतृत्व में एक यज्ञ संचालन समिति का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में जयमल यादव, उपाध्यक्ष मुकेश दिवान सेवन पुजारी संरक्षक मंडल

श्रीमती गायत्री चौतन्य दिवान (सरपंच) देवचंद यादव (उपसरपंच)अमर लाल यादव (ग्राम पटेल)तिरेश प्रधान टिकम मांझी अमृत लाल यादव लोभेन्द यादव चिराग ठाकुर पुष्प राज यादव मधु सूर्यवंशी भुवनेश्वर यादव फत्तू राम ध्रुव नरेंद्र दिवान सेवक दिवान प्रियतम सिंह सूर्यवंशी जय सिंह ठाकुर लक्ष्मी कांत दिवान एवं साहू समाज के अध्यक्ष कीर्तन राम साहू देवशरण राम साहू टेकराम साहू लम्बोदर साहू निलाधर साहू शशीधर साहू भुतेश्वर साहू जयराम साहू मकरध्वज साहू सोहन साहू मुकेश साहू प्रदीप साहू दशरथ साहू भूवेंन्द साहू प्रफूल्ल साहू बंशी लाल साहू आदि उपस्थित रहे।



प्रस्तुति– श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.–79871–24123

खबर संक्षेप

विकास कार्यों के लिए 16 लाख 96 हजार स्वीकृति

गरियाबंद/मैनपुर। गरियाबंद जिले अंतर्गत बिन्द्रनवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर बीएस उइके ने 3 निर्माण कार्यों के लिए 16 लाख 96 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड देवभोग, अंतर्गत ग्राम पंचायत माहुलकोट के वार्ड 03 में सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत रोहनागुड़ा में पुलिया निर्माण प्रधानमंत्री सड़क से श्यामलाल के घर तक निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत खोकसरा पुलिया निर्माण तिलचंद के खेत के सामने कराया जाएगा। प्रत्येक तीनों निर्माण कार्य के लिए पृथक-पृथक रूप से क्रमशः 5 लाख रूपये, 4 लाख 97 हजार रूपये एवं 6 लाख 99 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवभोग को सौंपा गया है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सदस्य बनाए गए दयालु गाड़ा

नवापारा-राजिम। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति में दयालु गाड़ा को सदस्य बनाया गया है।

उन्हें उनके मित्रो,शुभचिंतको एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

पार्टी संगठन को मजबुत करने कार्य किया जायेगा

मैनपुर। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा देवभोग क्षेत्र के वरिष्ठ नेता शोभाचंद पात्र को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा गरियाबंद जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है

जिससे जिले के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और शोभाचंद पात्र को बधाई देने का तांता लगा हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने शोभाचंद पात्र को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है इससे पिछड़ा वर्ग मोर्चा को नई मजबुती मिलेगी। श्री पात्र लंबे समय से संगठन में सक्रिय है और पार्टी के नीतियो व जनकाल्याणकारी योजनाओ को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने उन्हे यह जिम्मेदारी सौपी है।

घासीदास जयंती पर आज विशेष समारोह

अभनपुर। नगर पालिका अभनपुर बस्ती मे 18 दिसम्बर को बाबा गुरू घासीदास जंयती समारोह मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,अध्यक्षता पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,अति विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर श्री महंत रामसुंदर दास जी सहित पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे आदि विशिष्ट लोगो के आतिथ्य मे क र्यक्रम संपन्न होगा। रात्रिकालिन छत्तीसगढ़ी लोककला मंच आर्केस्ट्रा सतनाम चारो धाम की प्रस्तुति दी जायेगी।

भव्य आयोजन के लिए सभी विभागों को त्वरित कार्य के निर्देश

राजिम कुंभ कल्प 2026 की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प 2026 के आयोजन के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर बीएस उइके सहित धमतरी एवं रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने के संबंध में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जाएंगे। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा।

बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे एवं कलेक्टर श्री उइके ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने रायपुर, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री उइके ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नए मेला स्थल का किया निरीक्षण

बैठक पश्चात आयुक्त श्री महादेव कावरे एवं कलेक्टर श्री बीएस उइके ने अधिकारियों सहित नए मेला स्थल पहुंचकर विभिन्न आयोजनों के लिए निर्धारित स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मेला स्थल का अवलोकन करते हुए मंच व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, सामान्य पार्किंग, मीना बाजार, फूड जोन, कन्ट्रोल रूम, आम नागरिकों के लिए आवागमन एवं हेलीपैड स्थल, राजीव लोचन मंदिर, संत संमागम एवं गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल में आने के लिए नदी किनारे बन रहे निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में ये रहे उपस्थित

इस दौरान बैठक में वनमण्डलाधिकारी शशिगानंदन के, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, अपर कलेक्टर पवन प्रेमी, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रतापचंद पारख, एसडीएम राजिम विशाल महाराणा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे, सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्क लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था, फूड जोन, वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए।

किशोर देवांगन बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री

नवापारा-राजिम। शहर के युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन को छ.ग भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। किशोर की प्रदेश स्तरीय पद पर हुई इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से उनके समर्थकों, भाजपाइयों और ग्रामीण अंचल के उनके युवा कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त उत्साह है। मंगलवार शाम जैसे ही किशोर के नियुक्ति की खबर वायरल हुई उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया जो कि देर रात तक जारी रहा।

किशोर के समर्थक मंगलवार देर रात उनके नवापारा आगमन पर जमकर आतिशबाजी करते हुए उन्हें फूल-मालाओं से लादकर बधाई देते हुए अपने खुशी का इजहार किया। किशोर ने बधाई देने वालो का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए अपनी प्रतिबद्धता जताई। बताना जरूरी है कि किशोर ने 8 साल के अपने अल्प राजनीतिक कार्यकाल में ही जनहित के उल्लेखनीय कार्य किए हैं। साथ ही पार्टीगत जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान उनके विरुद्ध विरोध-प्रदर्शनों और आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में भी किशोर ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के चुनाव प्रचार के लिए बिहार गए थे जो 4-5 दिनों तक लगातार श्री नबीन के साथ रहकर प्रचार-प्रसार में साथ रहे। किशोर के इन सभी कार्यों की चर्चा भाजपा प्रदेश कार्यालय तक होती रही अतएव उनकी मेहनत मंगलवार शाम को रंग लाई।

मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति जताया आभार

किशोर ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश प्रभारी नितीन नबीन, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस उम्मीद से उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, उससे कई गुना अधिक कार्य करते हुए वे अपनी नियुक्ति को सार्थक करेंगे। किशोर ने कहा कि वे, इस सफर तक अपना उत्साहवर्धन करने वाले भाजपा मंडल नवापारा एवं अभनपुर विधानसभा परिवार के सभी मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया हैं।

तेल नदी में मिली नवजात बच्ची की लाश



मैनपुर। कारचिया गांव में तेल नदी से एक नवजात बच्ची का शव मिलने से गांव में हड़कम मच गया है। बुधवार को सुबह नदी में नहाने गए कुछ बच्चों ने देखा और गांव में आकर बताए जैसे गांव में यह खबर तेजी से फैल गया घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इक्कठा होने लगी इसके बाद इसकी सूचना देवभोग थाना को दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची के शव को अपने कब्जे में ले लिया इधर नवजात बच्ची का शव मिलने पर लोगों के बीच कई तरह की चर्चा हो रही है। पुलिस मामले की छान बिन कर रही है। मामले की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

मिशन वात्सल्य योजना से भाविका साहू को मिला संबल

गरियाबंद। मिशन वात्सल्य योजना महिला एवं बाल विकास अंतर्गत 1 अप्रैल 2022 से संचालित केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत अनाथ, परित्यक्त एवं एकल माता-पिता वाले बच्चों को उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रतिमाह 4 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। राजिम विधायक रोहित साहू ने दूरभाष के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडे को मामले की जानकारी देते बताया कि ग्राम पिपरछेड़ी निवासी 9 वर्षीय बालिका भाविका साहू को स्पांसरशीप योजना के तहत लाभान्वित किया जाए इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संज्ञान लेकर निर्णय लिया, जिसके तहत बालिका को 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे कुल 305 बच्चे : उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पिपरछेड़ी निवासी भाविका साहू, पिता गजानंद साहू एवं माता स्व. चित्ररेखा साहू की पुत्री है, जिनकी माता का वर्ष 2018 में निधन हो चुका है तथा पिता लगभग 20 वर्षों से 82 प्रतिशत दिव्यांग हैं।

सिरकट्टी आश्रम में हो रहे आयोजन में सीएम को किया आमंत्रित

राजिम। राजिम क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सिरकट्टी आश्रम में नव निर्मित भव्य श्रीराम जानकी मंदिर में ध्वजारोहण, शिखर पूजन 6 जनवरी से 12 जनवरी तक होने वाले 51 कुंडीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ में आमंत्रित करने विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरूण साव से मुलाकात कर इस यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचने के लिए अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में आश्रम के गोवर्धन शरण, प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, खोमन साहू, रामू साहू, गंगाराम साहू, नेतराम साहू शामिल थे।

द्वारतरा में सात दिवसीय भागवत कथा का भव्य समापन

मुड़ागांव(कोरासी)। द्वारतरा में ध्रुव परिवार के सौजन्य से आयोजित भागवत कथा पुराण में कथा पुराण का समापन 17 दिसम्बर बुधवार को हुआ, जिसमें सात दिवसीय कथा यात्रा में ग्राम डोमा (तामासिवनी,) के सुप्रसिद्ध कथाकार पं मिथलेश कुमार शर्मा ने 12 दिसंबर से गोकर्ण पूजा परीक्षित जन्म राजा जनमेजय की कथा प्रथम वक्ता शुकदेव महराज के श्री मुख से वाचन होने और परीक्षित और गोकर्ण को प्रथम श्रोता होने का कारण बताया, जिसमें गोकर्ण महराज अपने भाई धुंधकारी के मोक्ष और परीक्षित को ऋषि द्वारा मिले श्राप तक्षक नाग के डसने वाले मृत्यु पूर्व मुक्ति के लिए यह आयोजन पौराणिक समय काल से हुआ है।

जिसे कलयुग में दिवंगत आत्मा शांति और निर्वाण निमित्त गांव गांव और निजी आयोजन अन्तर्गत किया जाता है।कथा के लगातार यात्रा में हिरण्यकश्यप हिरण्याक्ष कपिल मुनि , भक्त प्रहलाद ध्रुव नृसिंह भगवान विष्णु के अवतार राम कृ मत्स्य बामन परशुराम दत्तात्रेय बाराह और भागवत कथा के नायक श्री कृष्ण की रास लीला , अनेकों आतातांयी राक्षसों का मर्दन, रुक्मणी विवाह और दत्तात्रेय के चौबीस गुरु बनाकर

जीवन अनेकों रचनात्मक कार्यों को सम्पन्न कराने में सफल होने का लक्ष्य बताया।

मंगलवार को तुलसी वर्षा बारात और बुधवार को गीता प्रवचन कपिला तर्पण द्वारा आयोजन का समापन किया गया। कथा श्रवण लाभ लेने अंचल के आस-पास के गांवों के रसिक श्रोताओं के साथ साथ सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद के कलाकार प्रमुख शामिल होकर कथा का रसपान किया। जिसमें ग्राम करचाली देवसरा रानीपरतेवा मुडागांव खडमा मडेली कोरासी बोईरगांव पंक्तियां जुनवानी कनेसर, फुलझर जमाही जुनवानी और बम्हनी आदि है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में लगा रक्तदान शिविर

मुड़ागांव (कोरासी)। छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम पंचायत खड़मा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में कुल 10 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर जिले के समाजसेवी एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक सदस्य मनोज ने बताया कि जिला अस्पताल गरियाबंद में भर्ती मरीजों को अक्सर रक्त की उपलब्धता को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए,मरीजों की सुविधा हेतु यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है।शिविर में उपस्थित

डॉ.अग्रवाल ने रक्तदान के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। इससे शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम होता है।

हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा — सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**